## एक नजर में

### स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय आयोजन

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा. यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं. निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी. विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी. विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये. इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है. पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे.

### जीपीएफ निराकरण हेतु जागरुकता शिविर 11 तक

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** महालेखाकार द्वितिय द्वारा भोपाल में सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों से संबंधित समस्याओं के निराकरण और कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भोपाल के तीन प्रमुख कोषालयों- जिला कोषालय, विंध्याचल कोषालय एवं वल्लभ भवन कोषालय में 11 जुलाई तक विशेष शिविर (कैंप) आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर विंध्याचल भवन तृतीय तल यूनएडीपी हॉल में निर्धारित किया गया है.महालेखाकार दल द्वारा शिविर में अभिदाताओं के समक्ष चर्चा कर समस्या का समाधान किया जायेगा.

### पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है. राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है. बगैर सर्वे, बगैर तैयारी, आरक्षण देने की बात करके फैलाए गए भ्रम के कारण यह मामला कोर्ट में लंबित रहा. आरक्षण के संबंध में तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में बिल प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं.


**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 25/06/25 से 30/06/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 26/06/25 से 01/07/25

सीट आवंटन 05/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 09/06/24 से 13/06/24 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 05/07/25 से 11/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh


26 जून से -26 जुलाई 2025


# 10 हजार गौवंश रखने तलाशी जा रही जमीन

## प्रायवेट संस्था, कंपनी, एनजीओ कराएगा निर्माण

**शासन देगी प्रति गौवंश के मान से आर्थिक सहायता**

**ब्यावरा विकासखण्ड में तलाशी जा रही भूमि**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. जिले में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, चौराहों, सड़को पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है. बारिश में दिक्कत और बढ़ गई है. बेसहारा गौवंश को सुरक्षित, उचित स्थान पर रखा जा सके इस हेतु शासन द्वारा जिले में दस हजार गौवंश की क्षमता वाली स्वावलंबी गौशाला के निर्माण हेतु जगह तलाशी जा रही है. ब्यावरा विकासखण्ड में जमीन के लिए सर्वे किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा स्वावलंबी गौशाला का निर्माण जिले में करने हेतु ब्यावरा विकासखण्ड में जगह की तलाश की जा रही है. ग्राम अरनिया, तालौड़ी में जगह देखी गई किंतु गौशाला के मान से जगह पर्याप्त मात्रा में नहीं होना पाया गया.

**150 हैक्टेयर में बनेगी गौशाला**

जानकारी के अनुसार स्वावलंबी गौशाला का निर्माण करीब 150 हैक्टेयर क्षेत्र में किया जाएगा. ब्यावरा विकासखण्ड के ग्राम अरनिया एवं तालौड़ी में गौशाला के लिए जगह देखी गई किंतु वह पर्याप्त मात्रा में न होकर 36 हैक्टेयर ही है. अन्य जगह तलाश की जा रही है.

### क्या बेसहारा मवेशियों को मिलेगा सहारा

शासन द्वारा बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने हेतु स्वावलंबी गौशाला का निर्माण किया जाएगा. गौशाला की क्षमता दस हजार गौवंश की रहेगी. यदि ऐसा होता है तो बेसहारा मवेशियों को काफी कुछ राहत मिल सकेगी. जिले भर में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश सड़को पर रहने को मजबूर है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं, ठंड, गर्मी एवं बारिश में गौवंश की मौत होने के मामले सामने आते रहे है.

### गौवंश की तुलना में बहुत कम गौशाला

जिले में 140 गौशालाएं संचालित है. इनमें पांच गौशाला के पंजीयन हाल ही में हुए है. 111 गौशालाएं शासकीय तथा 29 गौशालाएं अशासकीय है. प्रत्येक गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता लगभग 100 के आसपास है. इस तरह 14 हजार के आसपास ही गौवंश गौशालाओं में रह रहा है. जबकि जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार 65 हजार से अधिक है. यह गौवंश सड़को, चौराहों, हाईवे एवं गली मोहल्लों में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है.

### संस्था, एजेंसी करेगी निर्माण

पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार स्वावलंबी गौशाला निर्माण के लिए मापदण्डानुसार शासन द्वारा शासकीय जगह उपलब्ध कराई जाएगी. तत्पश्चात शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने वाली संस्था, एजेंसी, कंपनी या एनजीओ को टीनशेड आदि की मदद से गौशाला का निर्माण करते हुए अन्य व्यवस्थाएं जुटाना होगी.

### सरकार से मिलेगी सहायता

शासन द्वारा गौशाला के संचालन हेतु संबंधित संस्था को प्रति गौवंश के मान से 40 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सतत् रुप से गौशाला की व्यवस्थाओं की देखरेख करते हुए जायजा लिया जाएगा.

शासन की योजनानुसार जिले में दस हजार गौवंश की क्षमता के मान से स्वावलंबी गौशाला हेतु जगह तलाश की जा रही है. गौशाला का संचालन किसी संस्था, कंपनी, एनजीओ को दिया जाएगा.

**एम.एस. कुशवाह**
**उप संचालक**
**पशु चिकित्सा विभाग**
**राजगढ़**





# वाहनों की टक्कर में दर्शनार्थी घायल

## सागर निवासी उज्जैन से लौट रहे थे दर्शन कर

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 07 जुलाई, सं. सागर से उज्जैन महांकाल मंदिर दर्शन करने गये दर्शनार्थियों का वाहन बीती रात्रि को सुठालिया के समीप चौकी के यहां एक अन्य वाहन से टक्कर होने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना में वाहन में सवार पांच लोग घायल हो गये.**

जानकारी के अनुसार सागर से दो वाहनों में सवार होकर दर्शनार्थी उज्जैन स्थित महांकाल मंदिर दर्शन करने गये हुए थे. जब यह वापस सागर लौट रहे थे तभी रविवार की रात करीब 11 बजे सुठालिया के समीप चौकी के यहां बोलेरो वाहन एवं सुठालिया की और से ब्यावरा तरफ जा रहे पिकअप दुग्ध वाहन के बीच जोर की टक्कर हो गई. बोलेरो वाहन में पुष्पेन्द्र दुबे, संजय दुबे, कपिल लोधी, रामराज दांगी, अनुप लोधी सहित 8 लोग सवार थे. इनमें से पांच लोगों को चोट आई. घायलों को संजीवनी 108 एम्बुलेंस से सुठालिया के शासकीय अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार किया गया.

### मदद करने आगे आये लोग

वाहनों की टक्कर से अफरा-तफरी मच गई. वाहनों के बीच सड़क पर होने से जाम लग गया. स्थानीय लोगों, राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा ट्रेक्टर ट्रॉली की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक तरफ कर आवागमन सुचारु किया.

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

## परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 07 जुलाई, सं. सुठालिया थानांतर्गत ग्राम बोरदा निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है. परिजनों ने युवक की हत्या होने की आशंका जताई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम बोरदा निवासी धनराज पिता लखन तंवर उम्र 21 वर्ष रात को गांव में स्थित अपने कच्चे मकान में सो रहा था. सोमवार की सुबह जब परिजनों ने देखा तो वह कच्चे मकान में नहीं मिला. जबकि समीप में ही बने पक्के मकान में युवक मृत अवस्था में मिला. परिजनों ने इसकी तुरंत सूचना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर सुठालिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची तथा परीक्षण कर जांच की.

### हत्या की आशंका

परिजन ने युवक की हत्या की आशंका जताई है. बताया जाता है कि युवक के गर्दन में निशान है और उसके कान से खून भी निकल रहा था. जिससे स्पष्ट हो रहा है कि युवक की हत्या की गई है. पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु कर दी है.

### केन्द्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों के हित में मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया है. ग्रीष्मकालीन मूंग का समर्थन मूल्य 8,682 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है.

# उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से बहुत ही उपयोगी है स्मार्ट मीटर

## स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं को हैं अनेक लाभ

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं. कंपनी ने बताया कि घरेलू स्मार्ट मीटर के अनेक फायदे हैं. यह घरेलू स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद करता है. उपभोक्ता अपने एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं. स्मार्ट मीटर बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती. स्मार्ट मीटर से ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि ऊर्जा की खपत को बेहतर बनाया जा सके. इसके साथ ही ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने और नियंत्रित करने की सुविधा मिलती है. स्मार्ट मीटर की सहायता से ऊर्जा की खपत को कम करने पर पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है. यह स्मार्ट मीटर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद कर सकता है। ताकि अधिक से अधिक बिजली की बचत की जा सके.

# नि :शुल्क ऑपरेशन हेतु 41 का चयन

## 196 लोगों ने जांच कराई

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 07 जुलाई, सं.** सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वावधान में राजगढ़ छापीहेड़ा नगर के निजी क्लीनिक पर मंगलवार की सुबह 11 बजे से निश्शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया. नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का शुभारंभ डॉक्टर घनश्याम परमार, प्रधानाचार्य राधेश्याम नागर एवं डॉक्टर बृज शर्मा,घनश्याम बघेल, कल्पेश शर्मा, लखन कुशवाह, नीलम सिंह जादौन, नीरज पाल, ओमप्रकाश अहीरवाल, मुकेश रजक लाइनमैन, सिद्धनाथ द्वारा किया गया.

विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर में 196 लोगों ने आंखों की जांच कराई, जिसमें 41 लोगों में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु बस के द्वारा सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर ले जाया गया. 136 मरीजों को निशुल्क दवाई दी गई. 23 मरीजों की चश्मे की जांच की गई. 21 मरीजों की चश्मे की जांच की गई. और 11 मरीजों को फ्री चश्मे वितरित किए गए. नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन निजी क्लीनिक शाजापुर वाले का दवाखाना तालाब मोहल्ला में किया गया.



### जिन कर्मचारियों की ई-केवायसी नहीं उनका रुकेगा वेतन

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** कलेक्टर द्वारा समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक भी नरसिंहगढ़ में आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोषालय में जिन कर्मचारियों की ई-केवायसी नहीं कराई गई है, उनकी ई-केवायसी नहीं होने तक वेतन भुगतान रोका जाए. बैठक में ई-ऑफिस एवं सीएम हेल्परलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में विभिन्न जनकल्यांणकारी योजनाओं के समय पर लक्ष्य पूर्ति के भी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए.



# सीएम के आगमन की तैयारियों का जायजा

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 07 जुलाई, सं. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के साथ 12 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण के तैयारियों की समीक्षा की.**

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुशील कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे. समीक्षा के दौरान बरसात के मौसम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, विभागों के स्टॉए, हेलीपेड व्यववस्था, रोड शो के दौरान मार्ग व्यवस्था, बिजली के तारों को सुरक्षित करना, कार्यक्रम स्थाल पर स्वेच्छता, पेयजल, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिग्रेड आदि व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया गया. समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सभी आवश्यक इंतजाम यथा समय सुनिश्चित किए जाएं. सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों की जिम्मे्दारी निर्वहन करें.

**दो टूक** जल जनित बिमारियों पर नियंत्रण हेतु टीमे गठित बीमारी फैलने पर वरिष्ठ कार्यालय को देना होगी जानकारी

# ग्रामीण स्वास्थ्य : लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्यकर्मी नपेंगे

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. बारिश होते ही जल जनित बिमारियां पैर पसारने लगती है. विगत वर्षो में जिले में दूषित जल के कारण बीमारी फैलकर महामारी का रुप लेने के मामले सामने आये है. स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा इस मामले में लापरवाहीं बरती जाती है तो स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्यवाहीं की जायेगी.**

यदि मरीजों की संख्या में असामान्य वृद्धि होती है तो तत्काल इसकी सूचना क्षेत्रीय स्वास्थ्य अमले को देने हेतु पाबंद किया जाये. ताकि संक्रामक रोगों को फैलने से रोका जा सके. विलंब की स्थिति में शासन द्वारा की गई कार्यवाही के लिए स्वयं संस्था प्रभारी एवं संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता जिम्मेदार होंगे. इस तरह के आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जारी किए गये है.





आदेश में कहा गया है कि विगत वर्षो में यह बात सामने आई है कि दूषित जल के कारण उल्टी, दस्त आदि जल जनित बीमारियों का प्रकोप निर्मित हो जाता है. घरों के अंदर, आसपास पानी भरा होने से मलेरिया, डेंगू के फैलने की संभावना रहती है.

प्रभावित क्षेत्र में प्रतिदिन की कार्यवाही से अधिकारियों को अवगत कराना होगा. बुखार के मरीजों में वृद्धि पर स्वास्थ्य अमले को सूचना देनी होगी. विलंब पर शासन द्वारा संस्था प्रभारी, संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता पर कार्यवाहीं की जायेगी.

### आइडीएसपी शाखा को दें जानकारी

संस्था प्रभारियों के नाम जारी आदेश में कहा गया है कि उप स्वाथ्य केन्द्रों के तहत प्रभावित क्षेत्र में सतत् लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाकर प्रतिदिन की गई कार्यवाही से आइडीएसपी शाखा को अवगत कराये. बुखार के मरीजों में असामान्य वृद्धि पर तुरंत इसकी सूचना देने क्षेत्रीय स्वास्थ्य अमले को पाबंद करें. विलंब की स्थिति में शासन द्वारा की गई कार्यवाही के लिए स्वयं संस्था प्रभारी, संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता जिम्मेदार होंगे.

### त्वरित कार्यवाही हेतु टीम बनाई

जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डॉ. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार महामारी से संबंधित बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय कॉम्बेट टीमों का गठन किया है जिनके द्वारा बीमारियों के प्रकोप की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर कार्यवाही की जाकर कार्यालय एवं आईडीएसपी शाखा को जानकारी देना होगी.

# अत्याधिक बारिश होने पर घरों में भरायेगा पानी

पड़ाना 06 जुलाई, सं. सड़क की ऊंचाई अधिक होने के कारण अत्यधिक बारिश होने से देवनारायण कॉलोनी में निवासरत 25 से अधिक परिवार के घरों में बरसात का पानी भरायेगा. यह स्थिति इस कॉलोनी के अलावा अन्य कॉलोनी में भी बन सकती है. जिससे वहां के परिवार के लोगों की जनजीवन अस्वस्थ होगा. कॉलोनी में निवासरत दिनेश विश्वकर्मा राधेश्याम पुष्पद, सुरेश पुष्पद, मोनू विश्वकर्मा, कालूराम सेन, जोरावर कमोदिया, मदन पुष्पद, विष्णु खाती, पुरुषोत्तम शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, कांता प्रसाद विश्वकर्मा, कल्याण, मनीष शर्मा, राजेश पाटीदार, घीसुलाल चौधरी, दुर्गा परमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि समय रहते लोक निर्माण विभाग व कंपनी ठेकेदार द्वारा पानी निकासी नहीं की गई तो बारिश के इन दिनों में हमारे घरों बारिश का पानी भर जाएगा वही प्राचीन काल भैरव मंदिर भी डूब में आ जाएगा वही कृषक प्रेम नारायण डाबरा जगदीश खाती राजेश खाती देवचंद खाती हरिप्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य किसानों ने बताया कि सड़क की ऊंचाई अधिक होने के कारण उक्त रास्ते का बारिश का पानी भरा रहेगा इसी रास्ते बारिश का पानी हमेशा की तरह इस बार निकलना असंभव दिख रहा है ऐसे में से बारिश का पानी निकासी नहीं होने के कारण किसानों के खेत में पानी भरा रहेगा जिससे फसल नष्ट हो सकती है वहीं किसानों का आवागमन रास्ता भी बंद हो सकता है इस रास्ते से किसान परिवार के महिला एवं पुरुष सहित ट्रैक्टर ट्राली मवेशी इत्यादियों का आना-जाना लगा रहता है.